देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 47 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**कहीं मांग नहीं



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 15 मई 2020



मौसम अधिकतम 37.0° न्यूनतम 21.0°

32008.61

2 बड़ी जिम्मेदारी निभाने को तैयार भारत

7 धवन की नजर में भारत का बेस्ट कैप्टन कौन

## संक्षिप्त समाचार

### देश में संक्रमितों की संख्या 78,000 के पार: मंत्रालय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस संक्रमण से पिछले 24 घंटे में 134 लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 2,549 तक पहुंच गई है। वहीं बुधवार सुबह आठ बजे से संक्रमण के 3,722 नए मामले सामने आए हैं जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या 78,003 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में 49,219 लोगों का उपचार चल रहा है जबकि अब तक 26,234 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और एक मरीज देश से बाहर जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, '' अब तक 33.63 फीसदी मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।''

### 30 जून तक नियमित ट्रेनों के सभी टिकट रद्द

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रेलवे ने सभी नियमित यात्री ट्रेनों यानी पैसेंजर, मेल, एक्सप्रेस, सुपरफास्ट, शताब्दी, राजधानी वगैरह की 30 जून तक के लिए हुई टिकट बुकिंग को रद्द कर दिया है। जिन यात्रियों के टिकट कैंसल हुए हैं उन्हें फुल रिफंड दिया जाएगा यानी एक रुपया भी नहीं कटेगा। हालांकि, इस दौरान प्रवासी श्रमिकों के लिए चलाई जा रहीं ट्रेनों के साथ-साथ स्पेशल ट्रेनें चलती रहेंगी। फिलहाल दिल्ली से 15 अलग-अलग शहरों के लिए स्पेशल एसी ट्रेन चल रही हैं।

### नीरव मोदी के पक्ष में पूर्व जज की गवाही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के पक्ष में कांग्रेस में शामिल पूर्व जज अभय थिप्से की गवाही पर बीजेपी हमलावर हो गई है। बीजेपी ने ताबड़तोड़ कांग्रेस पर कई आरोप जड़ डाले। केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस पर नीरव को बचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने नीरव के मामा मेहुल चौकसी को भी मदद पहुंचाई है। प्रसाद ने कहा कि अभय थिप्से 13 जून 2018 को कांग्रेस में शामिल हुए थे।

# वन नेशन वन रॉशनकार्ड होगा लागू

## प्रवासी मजदूरों को दो महीने फ्री राशन

### मुफ्त अनाज पर 3,500 करोड़ रुपए खर्च होंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना लॉकडाउन के कारण सबसे अधिक प्रभावित प्रवासी मजदूरों के लिए सरकार ने बृहस्पतिवार को राहत उपायों की घोषणा की। इसके तहत 8 करोड़ प्रवासी मजदूरों को अगले दो महीने तक प्रति व्यक्ति मुफ्त पांच किलो अनाज और प्रति परिवार एक किलो चना दाल दी जाएगी। इसके लिए 3,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

केंद्र सरकार के 20 लाख करोड़ रुपये के महापैकेज के तहत वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसके लाभार्थियों की पहचान राज्य सरकार के जिम्मे होगी और यह योजना राज्यों के जरिये ही लागू की जाएगी। इससे उन 8 करोड़ प्रवासी मजदूरों को फायदा होगा जो दूसरे राज्यों में रह रहे हैं और उनके पास राशन कार्ड नहीं है। ये प्रवासी एनएफएस के दायरे में नहीं हैं या राज्य के कार्डधारक नहीं हैं।

**'एक राष्ट्र एक राशन कार्ड' योजना अगस्त से:** वित्त मंत्री ने कहा कि 23 राज्यों के 67 करोड़ लोगों को 'एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड' योजना के दायरे में लाया जा चुका है। इसके तहत देश के 83 फीसदी राशनकार्डधारी आ चुके हैं। इसे अगस्त 2020 से लागू कर दिया जाएगा। मार्च 2021 तक सभी को इस योजना से जोड़ लिया जाएगा। इससे देश में कोई भी व्यक्ति किसी भी राज्य में उचित दर की दुकान से अपने हिस्से का राशन ले सकेगा। इस मौके पर वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार तकनीक के इस्तेमाल से पारदर्शिता लेकर आई है और उसन करोड़ों रुपये बचाए हैं। इन पैसों का इस्तेमाल गरीबों के उत्थान के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड' योजना बेहद क्रांतिकारी है और इससे देश में कोई भी व्यक्ति कहीं से भी अपने हिस्से का राशन ले सकता है। इसका सबसे ज्यादा फायदा प्रवासी मजदूरों को होगा।



### 50 लाख रेहड़ी-पटरी वालों को मिलेगा लोन

50 लाख रेहड़ी वालों के लिए लोन का ऐलान। इनके लिए 5000 करोड़ के स्पेशल क्रेडिट फेसिलिटी दी जाएगी। शुरुआत में वर्किंग कैपिटल करीब 10 हजार रुपये मिलेंगे जिससे कारोबार की शुरुआत हो सके। शिशु मुद्रा लोन में रिजर्व बैंक ने तीन महीने का मॉरिटोरियम दिया है, लेकिन इसके बाद समस्या हो सकती है तो शिशु मुद्रा लोन में 50,000 रुपये तक लोन लेने वाले को मॉरिटोरियम के बाद 2 फीसदी सबवेंशन स्कीम यानी ब्याज में छूट का फायदा अगले 12 महीने के लिए होगा।

### सरकार बड़े पैमाने पर बांट रही लोन

कोरोना संकट के दौरान किसानों और रूरल इकॉनमी के लिए सरकार बड़े पैमाने पर लोन बांट रही है। 1 मार्च से 30 अप्रैल के बीच 86 हजार 600 करोड़ रुपये के 63 लाख कृषि लोन मंजूर किए गए हैं। 25 लाख नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए हैं जिसकी लोन लिमिट 25 हजार करोड़ रुपये है। फसली लोन पर जो रीपेमेंट की तारीख 1 मार्च थी, उसे बढ़ाकर 31 मई 2020 कर दिया गया है।

# यूपी, बिहार, उत्तराखंड... अब डरा रही अपनों की घर वापसी

## हर राज्य में प्रवासियों से जुड़े पॉजिटिव मामलों में इजाफा दर्ज

**संवाददाता**

नई दिल्ली। लॉकडाउन के बीच प्रवासी मजदूरों और कामगारों की घर वापसी तेज हो गई है। दूसरे राज्यों में फंसे मजदूर अपने घरों को लौट रहे हैं। श्रमिक स्पेशल ट्रेनों से रोजाना यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश समेत तमाम राज्यों में प्रवासी मजदूरों के लौटने का सिलसिला जारी है। इन सबके बीच कोरोना का बढ़ता ग्राफ चौंका रहा है। ओडिशा से लेकर हिमाचल और उत्तराखंड से लेकर झारखंड तक कोरोना के मामलों में उछाल देखा जा रहा है। तकरीबन हर राज्य में प्रवासियों के कोरोना संक्रमित होने के केस बढ़ते जा रहे हैं। ओडिशा में बुधवार को सामने आए 101 नए कोरोना मामलों में से 90 प्रवासियों से जुड़े हैं। 3 मई के बाद राज्य में 376 पॉजिटिव केस पता चले हैं। इसी दिन से प्रवासियों ने बसों और श्रमिक स्पेशल ट्रेनों से घर वापसी शुरू की थी। जो नए मामले सामने आए हैं, उनमें से 300 से ज्यादा केस गुजरात, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से लौटे प्रवासी मजदूरों से जुड़े हैं। अकेले गंजाम जिले में ऐसे 210 से ज्यादा केस हैं। इनमें से ज्यादातर वे प्रवासी मजदूर-कामगार हैं जो गुजरात के सूरत से लौटे हैं।

### उत्तराखंड आए 6 प्रवासी कोरोना पॉजिटिव

उत्तराखंड में भी दूसरे राज्यों से आए प्रवासियों के आंकड़े चौंका रहे हैं। यहां लौटे प्रवासियों में से 6 नए कोरोना पॉजिटिव केस मिले हैं। कोरोना संक्रमितों में देहरादून से 3, मसूरी, नैनीताल और अल्मोड़ा में एक-एक मरीज शामिल हैं। इसके साथ ही राज्य में कोविड-19 संक्रमितों की संख्या 75 हो गई। अल्मोड़ा और उत्तरकाशी में आए एक-एक प्रवासी युवक को छोड़कर शेष पहाड़ी जिले अभी तक पूरी तरह कोरोना से मुक्त हैं। वहीं राज्य में 46 पॉजिटिव मरीज इलाज के बाद ठीक हो गए हैं।

### 18 मई से कितनी ढील, केजरीवाल ने केंद्र पर छोड़ा

नई दिल्ली। 17 मई के बाद दिल्ली में क्या-क्या खुलना चाहिए इसको लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 5 लाख से ज्यादा सुझाव मिले हैं। इसमें मास्क न पहनने पर कड़ी कार्रवाई, ऑड-ईवन से दुकान खुलने देने के आइडिया शामिल हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने इनक सुझावों की जानकारी देते हुए बताया कि अब केंद्र सरकार के ऊपर है वह दिल्ली को कितनी छूट देगी।

दिल्ली सीएम ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। बताया कि लॉकडाउन करना आसान था लेकिन दोबारा सब खोलने में बहुत मेहनत लगेगी। उन्होंने आगे बताया कि दिल्लीवालों ने उन्हें 5 लाख से ज्यादा सुझाव दिए हैं। केजरीवाल ने इनमें से कुछ को पढ़कर भी सुनाया। इसके बाद उन्होंने कहा कि फिलहाल पूरे भारत में आपदा प्रबंधन ऐक्ट लागू है ऐसे में केंद्र सरकार के पास ज्यादा शक्तियां होती हैं। केंद्र ही राज्य सरकारों को निर्देश देता है।

# माल्या को झटका, भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ

■28 दिन में भेजा जा सकता है भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या को ब्रिटेन के हाई कोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। ब्रिटेन के हाई कोर्ट ने विजय माल्या की भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की अनुमति देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक माल्या के पास अब कोई कानूनी रास्ध्ता नहीं बचा है और उसको 28 दिन में भारत को सौंपा जा सकता है। बताया जा रहा है कि ब्रिटेन के होम सेक्रेटरी को माल्या के प्रत्यर्पण के कागज पर 28 दिन में हस्ताक्षर करना होगा। ब्रिटेन का संबंधित विभाग भारत के अधिकारियों के साथ माल्या के प्रत्यर्पण के बारे में समन्वय करेगा।

बता दें कि ब्रिटेन के हाई कोर्ट ने पिछले महीने विजय माल्या की प्रत्यर्पण के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया था। भारत में अपने प्रत्यर्पण की लड़ाई लड़ रहे शराब कारोबारी विजय माल्या ने गुरुवार को सरकार ने 100 प्रतिशत कर्ज चुकाने के उनके प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए कहा था। माल्या ने भारत सरकार से उनके खिलाफ मामले बंद करने की अपील भी की थी। माल्या ने हाल में घोषित 20 लाख करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज पर भारत सरकार को बधाई देते हुए अफसोस जताया कि उनके बकाया चुकाने के प्रस्तावों को बार-बार नजरअंदाज किया गया।

# अब ये 10 आतंकी हैं निशाने पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। हिजबुल मुजाहिद्दीन के कश्मीर कमांडर रियाज नायकू के सफाए के बाद हिजबुल ने कश्मीर में अपना नया कमांडर बनाया है। हिजबुल के इस नए कमांडर के साथ ही 3 और हिजबुल के आतंकी सुरक्षा बलों के निशाने पर हैं। जिन 10 आतंकियों के सफाए का टारगेट है उसमें 4 हिजबुल के, 3 जैश के आतंकी शामिल हैं।

सिक्योरिटी एजेंसी सूत्रों के मुताबिक अब जो आतंकी निशाने पर हैं उनमें हिजबुल का नया कमांडर सेफुल्ला है। आतंकी संगठन में इसका कोड नेम गाजी हैदर है। सेफुल्ला 8 अक्टूबर 2014 को हिजबुल मुजाहिद्दीन में शामिल हुआ। हिजबुल का दूसरा आतंकी जो हिट लिस्ट में है उसका नाम मोहम्मद अशरफ खान उर्फ अशरफ मौलवी हैं जो 9 सितंबर 2016 से हिजुबल के साथ है।

### हिजबुल ने सेफुल्ला उर्फ गाजी हैदर को नया कमांडर बनाया

हिजबुल को दो और आतंकी इस लिस्ट में है- जुनैद सहराई और अब्बास शेख।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in